Regarding need to expedite budget allocation for construction of Narela Bypass Road in Delhi-Laid

श्री योगेन्द्र चांदोलिया **(उत्तर-पश्चिम दिल्ली) :** मैं सरकार का ध्यान एक महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । दिल्ली के उत्तर पश्चिम लोक सभा के नरेला क्षेत्र में एक बाईपास (bypass) की तत्काल आवश्यकता है । नरेला बाईपास नरेला के निवासियों के साथ-साथ आस-पास के क्षेत्र हरियाणा के यात्रियों को भी प्रभावित करता है । इस बाईपास का निर्माण न केवल यातायात प्रवाह को कम करने के लिए बल्कि वायु गुणवत्ता में सुधार और नरेला और आस पास के क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास का समर्थन करने के लिए भी आवश्यक है । मैं माननीय मंत्री से आग्रह करता हूं कि नरेला बाईपास के लिए जल्द से जल्द अपेक्षित बजट आवंटित कर नरेला बाईपास का निर्माण शुरू कराया जाए ।